(iii) राज्य सरकारों द्वारा कलैक्टरों का बार-बार स्थानान्तरण एक अन्य रुकावट रही है।

इस मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के निम्न कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं :–

(i) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, इन पूर्ण साक्षरता अभियानों के माध्यम से 345 जिलों को शामिल करने का प्रस्ताव है।

(ii) इस कार्यक्रम के प्रभावी अनुवीक्षण के लिए एक व्यापक प्रबंध सूचना पद्धति विकसित की गई है।

(iii) सभी मुख्य सचिवों से पाक्षिक आधार पर पूर्ण साक्षरता अभियान की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है।

(iv) पूर्ण साक्षरता अभियान जिलों के मार्गदर्शन के लिए, लगभग 100 परामर्शकों का एक पैनल तैयार किया गया।

(v) राज्य साक्षरता मिशन निकायों को भी क्रियाशील किया जा रहा है।

(vi) राज्य प्रौढ़ शिक्षा निदेशालयों को भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में खेल-कूद विद्यालयों के खोले जाने का प्रस्ताव

729. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य में खेल-कूद विद्यालयों के खोलने संबंधी कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार को उसकी स्वीकृति एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु भेजा है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है;

(घ) यदि हां, तो इस परियोजना के लिए कुल कितनी धनराशि निर्धारित की गई है और अभी तक वास्तव में कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्यक्रमों और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुकुल वासनिक) : (क) जी, नहीं।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठते।

उत्तर प्रदेश में साक्षरता केन्द्र

730. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 30 अप्रैल, 1993 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 89 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश स्थित साक्षरता केन्द्रों में जाने वाले बच्चों की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन केन्द्रों के माध्यम से कितने बच्चों/व्यक्तियों को शिक्षित किया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख): सूचना एकत्रित की जा रही और सभा पटल पर रख दी जाएगी।